न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीसागंन (अजमेर)

पीठासीन अधिकारी — अपूर्वा परवाल आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या — 126/2023

धर्मादा प्याउ कबूतरान मवेशियान सेवा समिति पीचोलिया तहसील पीसागंन जिला अजमेर जरिये अध्यक्ष रामदीन गुर्जर पुत्र बालूराम जाति गुर्जर निवासी गढीगुजरान पीचोलिया जिला अजमेर
(रजि0प.संख्या/REG.NO.-COOP/2022/AJMER/200985
दिनांक–14.02.2023)
..प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये विद्वान तहसीलदार पीसागंन ......अप्रार्थी

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 ,128 रा0 भू0 रा0 अधिनियम 1956</u>

उपस्थित :– श्री खीवराज शर्मा – अभिभाषक प्रार्थी

–: निर्णय :– दिनांक 22.12.2023

संक्षिप्त में प्रार्थना पत्र में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 , 128 भू0 रा0 अधिनियम 1956 का इस तथ्य के साथ प्रस्तुत किया कि ग्राम पीचोलिया तहसील पीसागंन में आधार जमाबदीं सवंत 2070–2073 (वर्ष 2019) में खाता संख्या नया 858 के खसरा सख्या 2527, 2528, 2529, 2536, 2538, 2542, 2543, 2544, 2544/3244 एंव खाता संख्या नया 860 के खसरा सख्या 468, 469, 469/3235, 470, 471 की तन्हा खातेदारी की आराजी जो कि गांवाई व आवारा पशु पक्षीयों के चरने विचरने के काम मे आती है , जिसे सुरक्षित रखने के लिये व उक्त आराजी की सीमा सींव अतिक्रमण आदि के अनावश्यक विवाद से बचने हेतु सीमाज्ञान कर पत्थरगढी करवाना चाहते हैं। जिस बाबत पटवारी हल्का द्वारा सक्षम न्यायालय से आदेश करवाने को कहा । अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाकर सीमाज्ञान कर पत्थरगढी करवाने के आदेश फरमावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार पीसागंन को वास्ते रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गयी। तहसीलदार पीसागंन से रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसके अनुसार ग्राम पीचोलिया के खसरा सख्या 2527, 2528, 2529, 2536, 2538, 2542, 2543, 2544, 2544/3244 , 468, 469, 469/3235, 470, 471 का धर्मादा कमेटी के सदस्यों व पडोसियों की उपस्थिति में पटवारी हल्का व भू.अ.निरीक्षक द्वारा सीमाज्ञान किया गया। उक्त सीमाज्ञान से आवेदक एंव पडोसी संतुष्ट हुए।

मैनें पत्रावली एंव पत्रावली पर उपलब्ध दस्जावेजों का तथा तहसीलदार पीसागंन की रिपोर्ट का अवलोकन किया । प्रस्तुत रिकार्ड एंव तहसीलदार पीसागंन से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है । **तहसीलदार पीसागंन को आदेश दिये जाते हैं कि वह ग्राम पीचोलिया तहसील पीसागंन में आधार जमाबदीं सवंत 2070–2073 (वर्ष 2019) में खाता संख्या नया 858 के खसरा सख्या 2527, 2528, 2529, 2536, 2538, 2542, 2543, 2544, 2544/3244 एंव खाता संख्या नया 860 के खसरा सख्या 468, 469, 469/3235, 470, 471 की पत्थरगढी खसरा संख्या 471 गै.मु. रास्ता को सुचारू रूप से चालू रखते हुए , नियमानुसार प्रार्थी से शुल्क वसूलते हुए पत्थरगढी की जावे ।**

निर्णय आज दिनांक 22.12.2023 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी एंव सहायक कलक्टर

उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर
पीसांगन

उपखण्ड अधिकारी
पीसांगन (अजमेर)

Scanned with CamScanner